भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4716
उत्तर देने की तारीख 23.03.2020

दोहरी डिग्री

†4716. श्री अजय मिश्र टेनीः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आईआईटी, दिल्ली, मुंबई और अन्य ने पहले की तरह 6 वर्षों के स्थान पर 5 वर्षों की अवधि में बी॰ टेक के साथ-साथ एम॰ टेक या एमबीए की दोहरी डिग्री देने का प्रावधान किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने आईआईटी, दिल्ली इत्यादि की तरह अपने सभी 25 आईआईटी संस्थानों में ऐसे दोहरी डिग्री पाठ्यक्रम आरंभ करने के लिए आईआईटी परिषद को निदेश दिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख)**:** जी हां। आईआईटी दिल्ली, आईआईटी मुंबई और कुछ अन्य आईआईटी 5 वर्षीय दोहरी डिग्री कार्यक्रम प्रदान कर रहा है। ये कार्यक्रम एमटेक/एम.बी.ए/एमडीईएस/एमएस/एम.एससी के साथ-साथ बी.टेक/बीएस की दोहरी डिग्री प्रदान करते हैं।

(ग) और (घ)**:** सभी 23 आईआईटी समय-समय पर संशोधित प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम, 1961 के अनुसार शासित स्वायत्त संस्थाएं हैं। आईआईटी उपरोक्त अधिनियम के प्रावधानों, और उसके अधीन बनाई गई संविधियों के अनुसार कार्य करती हैं। दोहरी डिग्री पाठ्यक्रमों सहित शैक्षणिक मामलों का निर्णय संबंधित आईआईटी के शासी बोर्ड द्वारा किया जाता है।

*****